


Govt. College Sainj (H.P.)
College Activity

Sr. No.	Particular	Remarks
1	Date / दिनांक	4th November, 2026
2	Name of Activity	**Intra-College Annual Athletic Meet**
3	Name of Department Organizing the Activity	Sports Club Govt. College Sainj
4	Name of Collaborating Agency (IfAny)	NA
5	No. of Student /Participants	108
6	No. of Teacher Participants	04
7	Brief Report संक्षिप्त प्रतिवेदन	  100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में हेमंत बैरागी रहे प्रथम संवाद न्यूज एजेंसी लारजी (कुल्लू)। राजकीय महाविद्यालय सैंज में 4 और 5 नवंबर को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। बीरवार को हुए समापन समारोह में सैंज महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सुजाता मुख्य अतिथि रहीं। खेल अधिकारी प्रो. प्रेम नेगी ने बताया कि प्रतियोगिता में 100 मीटर दौड़ सहित कई स्पर्धाएं हुईं। 100 मीटर दौड़ में हेमंत बैरागी और ममता ठाकुर ने प्रथम स्थान हासिल किया। इस मौके पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।   

Organizer

Principal
Govt. College Sainj

Govt. College Sainj (H.P.)
College Activity

Sr. No.	Particular	Remarks
1	Date / दिनांक	5th November, 2026
2	Name of Activity	**Intra-College Annual Athletic Meet**
3	Name of Department Organizing the Activity	Sports Club of Govt. College Sainj
4	Name of Collaborating Agency (IfAny)	NA
5	No. of Student /Participants	96
6	No. of Teacher Participants	04
7	Brief Report संक्षिप्त प्रतिवेदन	    **राजकीय महाविद्यालय सैंज में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न, खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम** दो दिवसीय आयोजन में छात्र-छात्राओं ने दिखाई खेल प्रतिभा, विभिन्न स्पर्धाओं के विजेता एवं उपविजेता हुए सम्मानित राजकीय महाविद्यालय सैंज में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के समापन पर विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों के साथ प्राचार्या डॉ. सुजाता, खेल अधिकारी प्रो. प्रेम नेगी और महाविद्यालय का स्टाफ। न्यूज टॉपिकल लाइव/ सोनी, सैंज, 5 नवम्बर राजकीय महाविद्यालय सैंज में 4 एवं 5 नवंबर को आयोजित दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता उत्साह और खेल भावना के साथ संपन्न हुई। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सुजाता ने मार्च मुख्य अतिथि शिरकत की, जबकि आयोजन खेल अधिकारी प्रो. प्रेम नेगी की देखरेख में किया गया।प्रतियोगिता के तहत 100 मीटर दौड़, 400 मीटर रिले दौड़, भाला फेंक, चक्का फेंक, गोला फेंक, लंबी कूद, ऊंची कूद, कबड्डी और रस्साकशी सहित विभिन्न खेल स्पर्धाएं आयोजित की गईं। प्राचार्या डॉ. सुजाता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल जीवन का अभिन्न अंग हैं। खेलों से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होने के साथ अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का विकास होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेल गतिविधियों में भी सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिताओं के परिणामों में 100 मीटर दौड़ के छात्र वर्ग में हेमंत वैरागी प्रथम और राहुल (बीए द्वितीय वर्ष) द्वितीय रहे, जबकि छात्रा वर्ग में ममता ठाकुर ने प्रथम तथा रक्षा देवी ने द्वितीय स्थान हासिल किया। 400 मीटर रिले दौड़ के छात्र वर्ग में हेमंत वैरागी एंड टीम (बीए द्वितीय वर्ष) विजेता रहा सुभाष एंड टीम (अंतिम वर्ष) उपविजेता रही। छात्र वर्ग में ललित एंड टीम (बीए प्रथम वर्ष) ने प्रथम और ममता एंड टीम (बीए तृतीय वर्ष) ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। भाला फेंक में सुभाष एवं सीमा प्रथम तथा तितीश एवं ललित द्वितीय रहे। चक्का फेंक में सुभाष एवं रक्षा ने प्रथम और नारायण एवं कविता ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। गोला फेंक में नारायण एवं सीमा प्रथम तथा दिनेश एवं रक्षा द्वितीय रहे। लंबी कूद में तरुण एवं पूजा ने प्रथम और विद्यु एवं हेमलता ने द्वितीय स्थान हासिल किया। ऊंची कूद में तरुण एवं पूजा प्रथम तथा सुभाष एवं दिशा कांशल द्वितीय रहे। कबड्डी प्रतियोगिता में बीए अंतिम वर्ष की टीम विजेता और बीए द्वितीय वर्ष की टीम उपविजेता रही। समापन अवसर पर विजेता एवं उपविजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान खेल अधिकारी प्रो. प्रेम नेगी ने मुख्य अतिथि, डॉ. अशि वार्ष, प्रो. विजा नेगी, प्रो. तोशिमार चंद, प्रो. सीमा, सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष दलीप कुमार, लिपिक अभिषेक सहित समस्त प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं प्रतिभागियों का आयोजन सफल बनाने में सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। 

Organizer

Principal
Govt. College Sainj